## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–16.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- **दिवंगत शिक्षा मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का आज उनके पैतृक गांव घोड़ाबांधा में राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार, उमड़ा जनसैलाब।**

- **केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के निधन को बताया अपूरणीय क्षति, कहा– भगवान बिरसा मुंडा के बाद आदिवासी समाज ने खोया दूसरा बड़ा योद्धा।**

- **स्मृति शेष शिबू सोरेन के संस्कार भोज कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, योग गुरू बाबा रामदेव समेत कई राज्यों के नेता हुए शामिल।**

- **झारखंड समेत पूरे देशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार, रांची में दही हांडी प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन।**

- **मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक झारखंड के अलग–अलग हिस्सों में बारिश का जताया अनुमान, सरायकेला खरसावां और पूर्वी सिंहभूम जिले में सामान्य से अधिक बारिश हुई।**

झारखंड के दिवंगत शिक्षा मंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता रामदास सोरेन का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव घोड़बांधा में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान जनसैलाब उमड़ पड़ा। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका सिंह पांडे, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री दीपक बिरूआ और विधायक समीर मोहंती, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई नेताओं ने उनके घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर घाटशिला के एचसीएल ग्राउंड में रखा गया, जहां पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत उनके समर्थक और स्थानीय लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। इससे पहले झारखंड विधानसभा परिसर में उनके पार्थिव शरीर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

*******************

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा– **धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बाद आदिवासी समाज ने दिशोम गुरु के निधन से अपना सबसे बड़ा योद्धा खोया है।** दिशोम गुरु की सहजता, सरलता और संघर्षशीलता बहुत प्रभावित करने वाली है। नेमरा पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री का हौसला बढ़ाया। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

इधर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत शिबू सोरेन का आज उनके पैतृक गांव नेमरा में संस्कार भोज का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय रक्षा मंत्री

राजनाथ सिंह, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव, भारतीय ओलंपिक महासंघ के उपाध्यक्ष आरके आनंद, योग गुरू बाबा रामदेव समेत कई दिग्गज नेमरा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और दिशोम गुरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

*******************

झारखण्ड विधानसभा परिसर में आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनायी गई। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में स्थापित उनकी मूर्ति और तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक नवीन जयसवाल, रविंद्र राय, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेब्रम, समेत पदाधिकारी और कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

*******************

गुमला जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को निःशुल्क मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का कार्य सिखाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

**संक्षिप्त खबरें**

- जामताड़ा पुलिस ने बिंदापात्थर थाना क्षेत्र के **गुलू डुमरिया** गांव में वृद्ध महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने अभियुक्त परमेश्वर सोरेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि जमीन हड़पने के उद्देश्य से वृद्ध की हत्या की गयी थी।

- सरायकेला खरसावां के खरसावां प्रखंड की **रीडिंग पंचायत** के कुड़िया साईं में डायरिया फैलने का कारण **एंट–रोको–की फेके–लिस बैक्टीरिया** बताया जा रहा है। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जुझार माझी ने बताया कि अवकाश रहने के कारण रिपोर्ट अभी कागजी तौर पर प्राप्त नहीं हुई है परंतु **एंट–रोको–की फेके–लिस बैक्टीरिया** डायरिया फैलने का मुख्य कारण है।

*******************

देशभर में आज जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। झारखंड के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। हजारीबाग के इचाक में लगभग 300 वर्ष पुराने बंशीधर मंदिर में विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दूर–दराज से लोग बंशीधर का दर्शन करने पहुंचते हैं।

वहीं मंदिर के पुजारी ने इसकी स्थापना के बारे में जानकारी दी।

इधर राजधानी रांची में जन्माष्टमी को लेकर दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने पूरे राज्य में अगले दो दिनों तक हल्की से मध्यम वर्षा का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार 17 अगस्त को गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा में हल्की बारिश की संभावना है, जबकि शेष जिलों में मध्यम बारिश का अनुमान है। वहीं 18 अगस्त को पूरे राज्य में अच्छी बारिश के संकेत हैं। सरायकेला खरसावां में अबतक सामान्य से 68 प्रतिशत और पूर्वी सिंहभूम जिले में सामान्य से 82 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। वहीं तेरह जिलों में 20 प्रतिशत से 59 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। वहीं नौ जिलों में सामान्य बारिश हुई है।

*******************

48वीं सीनियर राष्ट्रीय थ्रोबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम शुरू हुआ। प्रतियोगिता 18 अगस्त चलेगी। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 25 टीमें भाग ले रही हैं।

*******समाप्त********